**खबर संक्षेप**

### करंट की चपेट में आया युवक, मौत



**शहडोल।** नगर परिषद की लापरवाही की चलते युवक की स्ट्रीट लाइट पोल पर दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई, मौत के बाद नाराज परिजनों ने नाराजगी जताते हुए नगरपरिषद की लापरवाही के चलते मौत का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है, मामले की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची अमलाई पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई, वही नगरपरिषद के नगरपालिका सीएमओ प्रभात बरकड़े, अध्यक्ष श्रीमती मौसमी केवट और उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह तथा अमलाई थाना प्रभारी जे.पी.शर्मा आदि ने मृतक के परिजनों से भेंट की और उन्हें आपस में सहयोग कर एकत्र की गई 04 लाख की नगद राशि प्रदान की, वहीं परिषद के उपाध्यक्ष विक्रम वैभव ने बताया की हमारी प्राथमिकता शव का पोस्टमार्टम के बाद उसके अंतिम संस्कार एवं परिजनों के मदद की दी, फौरी तौर पर आपस में एकत्र कर चार लाख रुपए की मदद की गई और संबल योजना तथा शासन की अन्य योजनाओं से मृतक के परिवार को आगे भी लाभ दिलाया जायेगा, दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिवार के साथ आज पूरी परिषद खड़ी है।

### अवैध हथियार के साथ 2 आरोपियों को पकड़ा

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के लिये लगातार थानों की समीक्षा कर अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए सभी थाना प्रभारियो एवं राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। सोहागपुर थाना में 19 जुलाई को अपराध विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना मिली कि दो व्यक्ति सानू कोल एवं लाला सोनी दोनो निवासी होमगार्ड कार्यालय के पीछे सोहागपुर के ओव्हर ब्रिज पाली रोड सोहागपुर में अपने मोटर सायकल में कट्टा लिए खड़े हैं। सूचना के बाद प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र पटेल व अन्य थाना स्टाफ मौके पर पहुंच कर आरोपियों सानू कोल पिता होरीलाल कोल उम्र 23 वर्ष, राजू उर्फ लाला सोनी पिता रामकिशोर सोनी उम्र 21 वर्ष से 315 बोर का देशी कट्टा तथा एक 315 बोर का जिंदा कारतूस एवं मोटर सायकल जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध आम्र्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । आरोपी सानू कोल पिता होरीलाल कोल वर्ष 2020 में थाना पाली क्षेत्रांतर्गत बंधवाबाड़ा व अमिलिया के बीच जंगल में 03 आरोपियों के साथ 01 व्यक्ति को चाकू से मारकर हत्या किया था। उक्त प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है।

### पुलिस ने किया नाबालिग को दस्तयाब

**शहडोल।** 15 मई को थाना अमलाई में फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि, उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बालिका बिना बताये कहीं चली गई है। जिस पर थाना अमलाई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में नाबालिग बालिका की दस्तयाबी के लिए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा 10,000 रूपये के ईनाम की उद्घोषणा की गई थी। विवेचना के दौरान 19 जुलाई को उक्त नाबालिग बालिका को रायपुर छ.ग. से दस्तयाब कर सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई जयप्रकाश नारायण शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक महेन्द्र शुक्ला, प्रधान आरक्षक पुष्पेन्द्र कुमार एवं मुकेश कुमार, सायबर सेल से आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा एवं हिमवंत चन्द्र मिश्रा की भूमिका रही।

### अवैध रेत परिवहन करते 2 ट्रैक्टर जब्त

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्रांतर्गत 19 जुलाई को मुखबिर सूचना मिली कि दो ट्रैक्टर देवी मंदिर के पास ब्यौहारी में अवैध रेत का परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर ब्यौहारी पुलिस द्वारा सूचना स्थान पर पहुँचे तो, दो ट्रैक्टर रेत मय रेत के जाते दिखा।

# मैं तुमसे प्यार करता हूं, मेरी हो जाओ, तुम्हे मालामाल कर दूंगा

## जनपद सदस्य के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर



**शहडोल।** अपने पैसे और पद के प्रभाव के फेर में कॉलेज की छात्रा को अपने वश में करने के लिए परेशान जनपद सदस्य विक्रम सिंह की यह मंशा तो पूरी नहीं हुई लेकिन पीड़ित किशोरी की शिकायत पर उसके खिलाफ प्राथमिक की जरूर दर्ज हो गई, शनिवार को ही पीड़िता ने शिकायत शहडोल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दी थी और उसके बाद यह मामला महिला थाने में पहुंच गया, पीड़िता के बयान के बाद पुलिस ने जनपद सदस्य के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करें मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इन धाराओं के तहत दर्ज किया अपराध

पीड़ित किशोरी की शिकायत के बाद महिला थाने में आरोपी विक्रम सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 354 (क) तथा 354 (घ) के तहत अपराध कायम किया गया, वहीं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 7 तथा धारा 8 के अलावा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम 1989 (संशोधन अधिनियम 1915) की धारा 3 (1)(2) व (द्यद्य )तथा 3(2)(1ड्ड) के तहत अपराध कायम किया गया है, पुलिस ने प्राथमिक की में यह भी लिखा है की घटना 25 मई 2024 से 28 मई 2024 के बीच में करित हुई थी, मामले की प्राथमिक की 19 जुलाई को दर्ज की गई है।

### यह थी किशोरी की शिकायत

पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत में किशोरी ने उल्लेख किया कि मैं कॉलेज अध्ययनरत छात्रा हूँ, 24 मई 2024 को सुबह 11 बजे के लगभग समग्र आई.डी. के. वाई. सी. के संबंध में कार्यालय ग्राम पंचायत में विक्रम सिंह पिता वीरेन्द्र प्रताप सिंह (जनपद सदस्य) के बुलाने पर गई थी। कार्यालय में केवल विक्रम सिंह अकेले बैठे थे , वहाँ अन्य कर्मचारी नहीं थे। मैंने विक्रम सिंह से कहा कि समग्र केवाईसी ठीक कराना है , आप सचिव को बोलकर करवा दीजिए। विक्रम सिंह ने कहा ठीक है बैठो, आता ही होगा, मैं वहीं बैठ गई। कुछ देर बाद विक्रम सिंह बोले कि अंदर चलो एक जरूरी बात बताना है। मैं उनकी बात पर विश्वास कर अंदर कमरे में चली गई। कमरे में कुछ देर बाद बातचीत करते हुए विक्रम सिंह मेरे कंधे में हाथ रख दिए, इसके बाद वह मेरा हाथ सहलाने लगा। मैं उसकी हरकत से डर गई तथा मैं विरोध करते हुए बोली कि दादा आप क्या कर रहे हैं, यह तो गलत है। उसने कहा कि तुम चुप रहो, कुछ नही होगा, किसी को पता नहीं चलेगा। उसके खराब इरादे को मैं भांप चुकी थी और वहां से हाथ छुड़ाकर भागते-भागते अपने घर आ गई।

### मुझे खुश कर दो कर दूंगा माला-माल

28 मई को रात्रि 9 बजे विक्रम सिंह का फोन मो.नं. 9826657187 से मेरे मोबाइल में फोन आया, तो बात की उसने शुरू-शुरू में बड़ी बात कर रहा था, मेरी तारीफ कर रहा था, कुछ देर बाद बोला कि मैं तुम्हे पसंद करता हूँ, तुम अच्छी हो मैं किसी से आज तक बात नहीं किया हूँ, लेकिन तुमसे बात कर रहा है। मोबाइल में बोला आई लय यू फिर अकेली में मिलने को कहा, मैं इसका विरोध की। अंत में बोली कि आज के बाद तुम मुझे फोन नहीं करना, तुम मेरा फोन नंबर कहाँ से पाए हो, अगर दुबारा मुझे फोन किया तो ठीक नहीं होगा। इसके बाद विक्रम सिंह 2-3 बार कालेज जाते समय रास्ते में बदतमीजी जैसे बात की, कहा कि तुम्हे जितना पैसा चाहिए ले लो, जमीन ले लो, मालामाल कर दूंगा, बस मुझे खुश कर दो।

### यौन उत्पीडन की हो कार्यवाही

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत में उल्लेख किया कि विरोध जताई उसने कहा कि यदि तुम मेरी बात नहीं मानोगी तो, मैं कुछ भी कर सकता हूँ। मैं इस डर से कालेज भी नहीं जा पाती, पढ़ाई का नुकसान हो रहा है, ऐसी दशा में पुलिस को शिकायत करना मेरी मजबूरी बन गई, क्योंकि यह व्यक्ति भविष्य में किसी गंभीर वारदात को अंजाम दे सकता है। अपनी और अपने परिवार की मान मर्यादा को ध्यान में रखकर विलम्ब से शिकायत की, फरियादिया ने विक्रम सिंह पिता वीरेन्द प्रताप सिंह के खिलाफ यौन उत्पीडन का प्रयास के संबंध में कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### जनपद सदस्य ने किया आरोपों का खंडन

सोहागपुर जनपद के सदस्य और सभापति विक्रम सिंह के खिलाफ महिला थाने में किशोरी की शिकायत पर आपराधिक मामला कायम किया गया, आपराधिक मामला कायम होने के साथ-साथ ही सोशल मीडिया में एक ऑडियो भी वायरल हुआ, जिसमें जनपद सदस्य व कांग्रेस नेता विक्रम सिंह एक किशोरी से मधुर बातें करते हुए सुनाई देते हैं, इन बातों में विक्रम सिंह उस किशोरी को आई लव यू जैसे शब्दों से संबोधित करते हैं, इस पूरे मामले के सामने आने के बाद कांग्रेस नेता और सोहागपुर जनपद पंचायत के सभापति विक्रम सिंह ने अपना पक्ष रखते हुए इसे एक षड्यंत्र बताया है, विक्रम सिंह ने बताया कि उसके खिलाफ षड्यंत्र रचा गया है, कुछ माह पहले ग्राम पचगांव में अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही प्रशासन के द्वारा की गई थी, जिसमें वह भी प्रशासन के साथ सहयोगी के रूप में खड़े थे, यहां जिन लोगों के आवास तोड़े गए थे, उनके द्वारा षड्यंत्र रचकर यह प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।

### ऑडियो दो माह पुराना

श्री सिंह ने कहा कि जो ऑडियो वायरल हो रहा है उसमें उनकी आवाज नहीं है, ऑडियो की फोरेंसिक जांच कराए जाने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की बात उन्होंने कभी भी किसी किशोरी से नहीं की, उन्होंने यह भी कहा कि वायरल ऑडियो में किशोरी से जो आई लव यू वाला शब्द है वह उनके द्वारा नहीं कहा गया, उसे काट छांट कर जोड़ा गया है, जो जांच के बाद सामने आ जाएगा, उन्होंने यह भी कहा कि ऑडियो दो माह पुराना है, इस दौरान उन्हें लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था, उन्होंने यह भी कहा कि बीते दिवस वे ब्लैकमेल करने वालों से परेशान होकर शहडोल कोतवाली पहुंचे थे और इसकी शिकायत दी थी, जिसकी खबर तथाकथित लोगों को लग गई और उन्होंने फंसाने व बदनाम करने की नियत पूर्वक उसका नाम सामने करके आपराधिक मामला दर्ज कर दिया। विक्रम सिंह ने कहा कि मुझे जिला और पुलिस प्रशासन पर पूरा भरोसा है, जांच के दौरान पूरे तथ्य सामने आएंगे और दूध का दूध और पानी का पानी सबके सामने स्पष्ट हो जाएगा।

# एमएलबी में सरेआम बिक रहे बालिकाओं के एडमीशन फार्म

## रोजगार के नाम पर भी वसूल रहे पैसे, प्राचार्य की धांधली

**शहडोल।** अनुशासन और सदाचार के लिए सराही जाने वाली कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल एमएलबी, आज भ्रष्टाचार का अड्डा बनती जा रही है। बालिकाओं से अलग अलग बहानों से पैसे वसूले जा रहे हैं। यहां पदस्थ प्राचार्य वर्षों से जमे हुए हैं और अब शायद वे अपनी नैतिकता को खोकर नौकरी कर रहे हैं। नए शिक्षा सत्र में प्रवेश के लिए बालिकाओं को फार्म बेचे गए। जबकि शासकीय संस्थाओं में एडमीशन फार्म निःशुल्क दिया जाता है। इस धांधली में प्राचार्य के साथ बाबू ने भी हाथ साफ किया है। इसके अलावा हैरानी की बात यह है कि इस स्कूल में बालिकाओं से रोजगार शुल्क वसूला जा रहा है। अब तक लाखों रुपए की वसूली की जा चुकी है। जूनियर सेक्शन बच्चों के माध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में आज तक सुधार नहीं आया है। कुल मिला कर स्कूल में मनमाना राज चलाया जा रहा है और बालिकाओं का शोषण किया जा रहा है। इस स्कूल में कक्षा 6 से लेकर 12 वीं तक की कक्षाएं अलग अलग पालियों में संचालित होती हैं। कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक एक हजार छात्राओं के अध्ययन की क्षमता इस विद्यालय में है।




### 20-20 रुपए में बेचे फार्म

बताते हैं कि प्राचार्य ने मौखिक रूप से कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के प्रत्येक प्रवेश फार्म पर 10 रुपए शुल्क वसूलने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही संबंधित बाबू भी 10 रुपए का शुल्क वसूलता है। इस तरह प्रत्येक बालिका को 20 रुपए देने के बाद ही फार्म प्रदान किया जा रहा है। यह धांधली संभाग मुख्यालय के भीतर संचालित सबसे बड़ी और सबसे पुरानी कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में चल रही है। प्राचार्य अपना कानून चला रहा है। यह तो केवल फार्म में धांधली का मामला कुछ लोगों द्वारा संज्ञान में ला दिया गया, इस धांधली के अलावा प्राचार्य और भी कई तरह की धांधलियों में लिप्त हैं।

### इनसे भी वसूले पैसे

हैरानी की बात तो यह है कि जो बच्चे कक्षा 9 वीं से पास होकर 10 वीं में पहुंचे और जो बच्चे 11 वीं पास कर 12 वीं में पहुंचे उनसे भी प्रवेश शुल्क लिया गया। जबकि सभी शासकीय स्कूलों में नियम है कि इन बच्चों का स्वयमेव प्रवेश कर दिया जाता है। इन्हे आवेदन करने की भी आवश्यकता नहीं पड़ती है। लेकिन एमएलबी में प्राचार्य का कानून कुछ अलग ही चल रहा है। हर छात्रा किसी न किसी तरह उसकी लूट का शिकार हो रही है। बताया गया कि प्राचार्य प्रशासनिक अफसरों का पुराना चापलूस है, विद्यालय में कम इधर उधर अधिक दिखाई पड़ता है।

### रोजगार शुल्क के नाम वसूली

बच्चों से रोजगार के नाम पर शुल्क की वसूली की जा रही है। जिले में शायद ही ऐसी कोई स्कूल होगी जहां रोजगार के नाम पर बच्चों से पैसे वसूले जाते होगे। एमएलबी में बालिकाओं से 10 रुपए इसका भी शुल्क लिया जाता है। स्कूल में प्राचार्य कौन सा रोजगार दे रहा है यह वही बता सकता है। रोजगार संबंधी गतिविधियों की अगर बात करें तो कब और कैसी गतिविधि संचालित की जाती है, इसका भी कोई अता पता नहीं है। कुल मिलाकर छात्राओं का आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

### घटिया मध्यान्ह भोजन

एमएलबी जूनियर सेक्शन में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था आज तक नहीं सुधर पायी है। बालिकाओं को मीनू के अनुरूप कभी भोजन नहीं दिया जाता। स्वसहायता समूह द्वारा अपनी मनमानी कर रोजाना चावल दाल अथवा चावल सब्जी परोस कर छुट्टी पा ली जाती है। दाल में इतना पानी भर दिया जाता है कि वह नमकीन पानी बन जाती है। इन सबकी वजह यह है कि यहां प्रशासन के बड़े अफसर कभी औचक निरीक्षण करने नहीं आते हैं। अगर औचक निरीक्षण हो और प्राचार्य की चापलूसियों को थोड़ी देर के लिए किनारे रखकर व्यवस्थाएं देखी जांए तो सुधार आने में देर नहीं लगेगी।




# प्रदेश सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**शहडोल।** विधानसभा चुनाव में किए गए वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाते हुए युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेन्द्र दर्शन सिंह के नेतृत्व में संभागीय मुख्यालय में मशाल रैली निकालकर कांग्रेस जनों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह मशाल जुलूस युवा कांग्रेस द्वारा चलाई जा रही क्या हुआ तेरा वादा मुहिम के तहत किया गया। मशाल जुलूस कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर गांधी चौक पहुंची, जिसमें सैकड़ों कांग्रेसी शामिल थे। रैली के दौरान गांधी चौक और इंदिरा चौक पर पुलिस को यातायात का आवागमन बंद करना पड़ा। जिससे जाम की स्थिति देखी गई। गांधी चौक में कोतवाली थाना प्रभारी सोहागपुर थाना प्रभारी सहित दर्जनों भर पुलिसकर्मी तैनात रहे। मशाल जुलूस निकालकर युवा कांग्रेस ने नीट परीक्षा और प्रदेश में हुए नर्सिंग कॉलेज घोटाला में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही इसमें दोषी नेताओं के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग भी की गई। साथ ही जिले में निजी कंपनी (रिलायंस, अल्ट्राटेक) में लोकल युवाओं को रोजगार न देने और एमपी 18 रजिस्ट्रेशन की चार पहिया निजी गाडिय़ों का धुरवार टोल वसूली का विरोध किया गया। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनुपम ने बताया कि शहर से 5 किलोमीटर दूर पर टोल प्लाजा है, जिससे लोकल लोगों को आने-जाने में बार-बार टोल देना पड़ता है। युवा कांग्रेस ने इसका विरोध कर एमपी 18 रजिस्ट्रेशन के वाहनों को छूट देने की मांग की है। इससे पूर्व युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सिह की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन मे बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने की बात कही गई। उक्त कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, नीरज द्विवेदी, हनुमान मिश्रा, अजय अवस्थी, राजेश सोंधिया, शिवशंकर शुक्ला, पीयूष शुक्ला, शिंपी अग्रवाल, सीमा सिंह और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजस्व महा अभियान में प्रकरणों का कराएं निराकरण, दिखे परिणाम: कमिश्नर



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद ने तहसील सोहागपुर कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरा राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि 31 अगस्त तक चलाए जा रहे राजस्व महा अभियान में नामांतरण, नक्शा तरमीम, बटांकन, अभिलेख दुरूस्ती जैसे अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी विशेष रूचि लेकर राजस्व अभियान में कार्य करें और बेहतर परिणाम दिखे जिससे राजस्व महा अभियान में प्रथम स्थान पर शहडोल संभाग रहें। कमिश्नर ने तहसीलदार सोहागपुर को निर्देश दिए कि राजस्व महा अभियान के दौरान शिविरों का आयोजन करें और शिविर में पटवारी व आरआई अवश्य रूप से उपस्थित रहें तथा लोगों की समस्याओं का यथासंभव निराकरण भी कराएं। उन्होंने कहा कि राजस्व महा अभियान में कार्य न करने वाले राजस्व अधिकारियों के विरूद्व सख्त कार्यवाही भी करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय पर कराया जाए तथा राजस्व प्रकरणो के निराकरण होने पर संबंधित व्यक्ति को सूचित भी करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालय में फाइलों को बेहतर ढंग से संधारित कर रखें व दायरा पंजी आवश्यक रूप से बनाएं, कम्प्यूटर ऑपरेटो पर निर्भर न रहें। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान राजस्व महा अभियान में किये गए नामांतरण, सीमाकंन, अभिलेख दुरूस्ती, नक्शा तरमीम, बटंवारे, नक्शा तरमीम के लंबित हल्केवार जानकारी, आरसीएमएस पोर्टल, बी-1 का वाचन जैसे राजस्व प्रकरणों के संबंध में तहसीलदार सोहागपुर से जानकारी प्राप्त तथा निर्देश दिए कि राजस्व महा अभियान में बेहतर कार्य करें जिससे कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित न रहें। कमिश्नर बी.एस.जामोद ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक जानकारी ली।

# कमिश्नर ने राजस्व न्यायालय जैतहरी का किया निरीक्षण

## तत्कालीन तहसीलदार जैतहरी धनीराम तत्काल प्रभाव से निलंबित

### बटवारा,नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण नहीं होने पर व्यक्त की नाराजगी



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद ने अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील में एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के राजस्व न्यायालयो का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने राजस्व न्यायालय तहसीलदार जैतहरी के न्यायालय 2021,2022, 2023 में दर्ज राजस्व प्रकरण बटवारा नामांतरण, सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने राजस्व न्यायालय में नामांतरण, नक्शा तरमीम के प्रकरणों की बड़ी संख्या पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्ति की। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान पाया कि तहसीलदार जैतहरी के राजस्व न्यायालय बड़ी संख्या में राजस्व प्रकरण निराकरण के लिए लंबित हैं, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और प्रवचन शाखा के लिपिको द्वारा राजस्व प्रकरण दर्ज ही नहीं किए गए हैं और राजस्व प्रकरण दर्ज भी किए गए हैं तो प्रकरणों का निराकरण नहीं किए गए हैं। कमिश्नर ने राजस्व न्यायालयो में इस प्रकार की अराजक स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जैतहरी तहसील में पूर्व में पदस्थ तहसीलदार धनीराम ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की निर्देश दिए। वही कमिश्नर ने अनविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी, नायब तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अमले को चेतावनी दी है कि वह राजस्व प्रकरणों में अति गंभीरता पूर्वक कार्य करें। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान कहां की राजस्व न्यायालयो के कार्यों के सुपरविजन की भारी कमी है, उच्च अधिकारियों, एसडीएम अधीनस्थ राजस्व न्यायालयो का निरीक्षण नहीं कर रहे हैं इसके कारण राजस्व न्यायालय में कई वर्षो की राजस्व प्रकरण लंबित हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि अधीनस्थ राजस्व न्यायालय, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, अपर कलेक्टर समय-समय पर निरीक्षण करें।

### 10 दिवसों स्थिति को सुधारें अन्यथा होगी कार्यवाही

कमिश्नर श्री जामोद ने जैतहरी तहसील में तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के राजस्व न्यालालयों के निरीक्षण के दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण में उदासीनता बरतने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार नायब तहसीलदार सहित राजस्व प्रकरणों के निराकरण से जुड़े सभी कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है तथा कमिश्नर ने चेतावनी देते हुए कहा है कि वे 10 दिनों के अंदर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति में सुधार लाएं अन्यथा मैं कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करूंगा। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि राजस्व महा अभियान 31 अगस्त तक चलेगा, इस अभियान में सभी राजस्व अधिकारी मैदानी अमले के साथ मिलकर राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि सभी राजस्व अधिकारी गांवों में जाकर लोंगो की उपस्थिति में सार्वजनिक स्थलों में बी-1 का वाचन कराएं तथा प्राथमिकता के साथ बटंवारा, फौती नामांतरण, नक्शा तरमीम, अभिलेख दुरूस्तीकरण, ईकेवाईसी रजिस्टेशन के कार्यों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित कराएं।

**खबर संक्षेप**

## आरसीएमएस की तकनीकी सहायता एवं सहयोग हेतु संभागीय सलाहकार नियुक्त

**उमरिया।** राज्य सरकार द्वारा राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों एवं उनके निराकरण हेतु ऑनलाइन प्लेटफार्म आरसीएमएस संचालित किया जा रहा है तथा प्रत्येक संभाग में आरसीएमएस की तकनीकी सहायता एवं सहयोग हेतु संभागीय सलाहकार भी नियुक्त किए गए है, लगातार निर्देशों के बाद भी राजस्व न्यायालय में संतोषजनक रूप से आरसीएमएस पर कार्य नहीं हो रहा है जिसके कारण संभाग की राज्य स्तरीय रैंकिंग में सुधार नहीं हो पा रहा है, जबकि शासन तथा संभाग स्तरीय अभियान भी चलाए जा रहे है।कमिश्नर बी.एस.जामोद ने बताया कि समस्त राजस्व न्यायालय तथा संचालित अभियान की सतत निगरानी एवं निरीक्षण हेतु संभागीय सलाहकार शहडोल , रीवा संभाग उपेंद्र त्रिपाठी को संभाग के समस्त राजस्व न्यायालय (एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, साइबर तहसील कार्यालय) के औचक निरीक्षण हेतु आदेशित किया जाता है। संभागीय सलाहकार निरीक्षण के दौरान प्राप्त आवेदन का आरसीएमएस में पंजीयन, दायरा पंजी का संधारण, साइबर तहसील के प्रकरण, समय सीमा पार कर चुके प्तकरण, संपदा से प्राप्त प्रकरण, लोक सेवा गारंटी से बाह्य प्रकरण, नक्शा तरमीम इत्यादि के साथ-साथ आरसीएमएस पोर्टल, सारा पोर्टल, आईजीआरएस पोर्टल अंतर्गत समस्त प्रकरणों के संबंध में राजस्व न्यायालय का निरीक्षण करेंगे तथा आरसीएमएस पोर्टल से संबंधित तकनीकी खामियों का निराकरण एवं आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण भी प्रदान करेगें। तदोपरांत निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेगें। समस्त पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है की राजस्व न्यायालय और राजस्व के प्रकरण में संभाग की स्थिति सुधार हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

## अमोल खोह अमलेश्वर धाम में मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा

**उमरिया।** जिले एवं डिंडोरी जिले के सीमा के बीच स्थित अमोल खोह अमलेश्वर धाम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 21 जुलाई को गुरू पूर्णिमा मनाई जाएगी । इस अवसर पर संत शिरोमणि (श्री श्री 108 श्री भगत गिरी बच्चू महराज ) अंतर्राष्ट्रीय पंच दस जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय सचिव सानिध्य में गुरु भगवान की पूजा अर्चना एवं अभिषेक कर आशीर्वाद स्वरुप श्री महाराज जी के मुखारविंद से आशीर्वाद स्वरुप अमृत वचन एवं भंडारा एवं अखंड मानस कीर्तन रामायण का पाठ का आयोजन किया गया है।

## मासांत तक होगा खरीफ फसलों का बीमा

**कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ अंतर्गत कृषकों के लिए अपनी पटवारी हल्के में अधिसूचित फसल के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है वह उस बैंक में अपना बीमा कराने तथा अऋणी कृषकों से 31 जुलाई तक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंक सहकारी समितियों तथा अऋणी किसान बैंक, जन सेवा केंद्र, ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंद्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते है। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा। किसान बीमा कराएं ताकि नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

## बाइक व कार के बीच हुई टक्कर, युवक घायल


**कटनी।** रंगानाथनगर थाना अंतर्गत बरगवां में शुक्रवार सायं कार और बाईक के बीच हुई भिडंत में बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया हैं जहां उसका उपचार जारी हैं। जानकारी के अनुसार कचहरी चौक क्षेत्र में चाय नाशते की दुकान चलाने वाला युवक अमित त्रिपाठी सायं किसी कार्यवश बरगवां क्षेत्र गया था, इसी दौरान उसकी मोटरसाईकिल की भिड़ंत विपरीत दिशा से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीई 7320 से हो गयी जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**शहडोल सहित पड़ोसी जिलों से सैकड़ों धर्मावलंबी पहुंचे मुनि पूज्य सागर जी व अतुल सागर जी का मिलेगा आशीर्वाद**

# 33 वर्षों बाद बुढार में होगा जैन मुनि का चातुर्मास भव्य मंगल चातुर्मास कलश स्थापना के साथ शुरुवात







बुढार

स्थानीय नवीन शांतिनाथ दिग, जिनालय में जैन मुनियों के पावन वर्षायोग की शुरुवात शनिवार से की गई, जिसमे बुढार सहित जिले व पड़ोसी जिलों के सैकड़ों जैन धर्मावलंबी यहां पहुंचे, शनिवार की दोपहर 01 बजे चातुर्मास कलश स्थापना के साथ इसकी शुरुवात की गई। कार्यक्रम का आयोजन सकल दिगम्बर जैन समाज के द्वारा किया गया, आयोजनकर्ताओं की ओर से प्रसन्न जैन ने बताया कि पूज्य सागर जी महाराज और पूज्य अतुल सागर जी महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा, सकल दिगम्बर जैन समाज बुढार व धनपुरी द्वारा यह आयोजन समाज के अन्य लोगो के सहयोग से किया जा रहा है।

### 33 सालों बाद बुढार को मिला सौभाग्य

जुलाई 2024 से लगभग 33 साल पहले इस तरह का सौभाग्य प्राप्त हुआ था, जैन समाज की ओर से शनिवार को मुनि आगमन पर भव्य प्रवेश कार्यक्रम करवाया गया। इस दौरान शहर नवीन शांतिनाथ दिगंबर जिनालय में मंगल चातुर्मास कलश स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। यात्रा चातुर्मास में मुनि पूज्य सागर जी तथा पूज्य अतुल सागर जी महाराज के यहां पहुंचने पर वृहद कार्यक्रम की शुरुवात की गई। इस दौरान सकल दिगम्बर जैन समाज,दिगंबर जैन महासभा न्यास,पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन समिति, वासुपूज्य जिनालय समिति,श्री विद्यासागर युवा संगठन,त्रिशला महिला मंडल,जागृति महिला मंडल एवं स्तुति महिला मंडल बुढार के साथ जैन समाज के अनुयायियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। वहीं कार्यक्रम में दूसरे शहरों व क्षेत्रों से भी श्रद्धालु शामिल हुए। बुढार जैन समाज की ओर से मुनियों का स्वागत किया गया।

### पूरा देश बनेगा चतुर्मास का साक्षी

जैन समाज के प्रसन्न जैन ने बताया कि पूज्य आचार्य श्री की समाधि उपरांत नवाचार्य पूज्य श्री समय सागर जी की परम दूरदर्शी कृपा, करुणा के फलस्वरूप सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर से गमन कर बुढ़ार नगरी पधारे पूज्य श्री पूज्य सागर जी, पूज्य श्री अतुल सागर जी की चातुर्मास स्थापना समारोह आज 20 जुलाई 2024 को बड़े ही हर्षोल्लाश पूर्वक सम्पन्न हुआ। आज के इस ऐतिहासिक मनोहारी समारोह का साक्षी बनने देश भर से लोगो का ,श्रद्धालुओं का तांता सा लग गया, ललितपुर, विदिशा, चंदेरी, पेंड्रा, मनेंद्रगढ़, बिजुरी, कोतमा, शहडोल, अशोकनगर, चचाई, अनूपपुर, कटनी, जबलपुर, सागर, सिवनी, शहपुरा, डिंडोरी,अपने गुरु जी के चातुर्मास कलश स्थापना की शोभा बनने पहुंचे। बुढार के ऐतिहासिक स्थापना महोत्सव का संचालन ललितपुर से पधारे मनोज भैया जी एवं शाहपुरा से पधारे भैया जी ने बड़े ही मनमोहक ढंग से किया।

### कलश स्थापना का मिला सौभाग्य

मंगलाचरण के पश्चात बाहर से पधारे समस्त अतिथियों द्वारा मुनि श्री के चरणों में श्रीफल अर्पित किए गए। ज्ञात हो कि बुढार नगरी से पूज्य पुष्पदंत सागर जी, पूज्य महा सागर जी,पूज्य विनम्र सागर जी, पूज्य श्री निग्रंथ सागर जी ने पूज्य राष्ट्रीय संत आचार्य श्री विद्या सागर जी दीक्षा लेकर मुनि बनने का सौभाग्य और नगर का गौरव बढ़ाया, बुढार नगर की धरा को पवन किया है। पूज्य मुनि श्री के चतुर्मास स्थापना के प्रथम कलश स्थापना का सौभाग्य प्रमोद जैन बिलासपुर वालों ने प्राप्त किया। द्वितीय कलश की स्थापना का सौभाग्य डॉ शंभू जैन मनीष जैन ने प्राप्त किया। तृतीय कलश का सौभाग्य मुकेश जैन, चतुर्थ कलश का सौभाग्य मनीष जैन, पंचम कलश का सौभाग्य मनोज जैन, षष्ठम कलश का सौभाग्य जैनेंद्र जैन ने प्राप्त किया।

### महावीर द्वार व कीर्ति स्तंभ का निर्माण

इस अवसर पर जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह , सोहागपुर विधायक जयसिंह मरावी मुनिश्री का आशीर्वाद प्राप्त करने चरणों में श्री फल अर्पित करने पहुंचे। क्षेत्रीय विधायक ने मुनिश्री के समक्ष नगर के प्रथम द्वार में स्थित भगवान महावीर द्वार का पुनर्निर्माण एवं कीर्ति स्तंभ की स्थापना में अपना पूर्ण सहयोग और सहमति की घोषणा की। कार्यक्रम में नगर पंचायत बुढार की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने विधायक से इसे इसी चतुर्मास 2024 में ही संपन्न कराने की बात रखी। ताकि मुनि श्री के समक्ष ही यह महावीर द्वार और कीर्ति स्तंभ स्थापित हो सके। मुनि श्री पूज्य सागर जी एवं श्री अतुल सागर जी ने अपने चतुर्मास 2024 की स्वीकृति प्रदान कर बुढार एवं समीपवर्ती क्षेत्र पर जो अनुकंपा बरसाई उससे क्षेत्र वासी अभिभूत हैं।

**अधिकारियों की उदासीनता से मची अंधेर**

# प्रमाणित भ्रष्टाचार के मामले में नहीं हुई कार्यवाही

**उमरिया।** जिले की करकेली जनपद की उजान पंचायत का एक मामला आज भी समाप्त नहीं हुआ और हर दिन नई सुर्खियां बटोर रहा है। हैरानी की बात यह है कि भ्रष्टाचार का यह मामला जांच परीक्षण के दौरान प्रमाणित हो गया उसके बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। इस पूरे भ्रष्टाचार में कैसे कैसे गोलमाल शामिल हैं इसका एक उदाहरण स्टापडेम के पत्थरों की सप्लाई में मौजूद है। सरपंच व सचिव ने लाखों रुपए के बजट की जमकर होली खेली है। जनपद सीईओ ने तो उन्हे जैसे अभयदान दे रखा है। लेकिन जिला पंचायत सीईओ को भी अपने अधीनस्थों का खेल दिखाई नहीं पड़ रहा है। यह समझ के परे है। उनकी उदासीनता के कारण ही पंचायतों में अंधेर मची हुई है।



### जांच दल को नहीं दी जानकारी

जांच दल द्वारा 10 चेकडेमों के निर्माण का अवलोकन किया गया था। बताया गया कि निर्माण के दौरान पिचिंग के लिए पत्थरों की आपूर्ति की जाती है। पिचिंग पत्थर स्टीमेट में प्रावधान के मुताबिक बोल्डर 5 किमी दूर से इक_ कर लाए गए और कार्यस्थल में उपयोग किए गए। जबकि इसी कार्य के लिए ग्रामपंचायत द्वारा स्वास्तिक स्टोन क्रेशर सेमरिया से क्रय किया जाना दर्शाया गया और उसके बिल लगाए गए हैं। पत्थर बीन कर इक_ किए गए और उनका परिवहन कराया गया या फिर सेमरिया क्रेशर से क्रय किया गया यह समझ के परे है। यहां के सरपंच सचिव इतने उद्दण्ड हैं कि उन्होने जांच दल को पूरी जानकारिया देनी भी उचित नहीं समझा।

### घटिया पत्थर का उपयोग

ग्रामीणों को अंदेशा है कि सरपंच व सचिव ने पत्थरों के मामले में संभवतः दो तरह से भुगतान उठाया है। पहले तो पत्थर पांच किमी दूर से परिवहन कराया जाना दर्शाकर बिल लिया गया फिर सेमरिया स्टोन क्रेसर से संपर्क कर वहां कमीशन की सेटिंग बना कर उससे क्रय किया जाना दर्शाकर लंबा भुगतान प्राप्त कर लिया गया है। इसके बावजूद ग्रामपंचायत को गुणवत्तापूर्ण पत्थर प्राप्त नहीं हो सका। अगर पत्थर घटिया हुए तो चेकडेम निश्चित ही कुछ दिनो बाद नष्ट हो जाएंगे।

### पानी में बह रहा शासन का पैसा

निर्माण कार्य में जिन पत्थरों का उपयोग किया गया उनकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठे थे। यह आरोप लगाया गया था कि पत्थर घुलनशील हैं। इतना व्यय हो जाने के बाद अब उनकी जांच के लिए लैब टेस्टिंग की जरूरत बताई जा रही है। अगर पत्थर वास्तव में घुलनशील पाए गए तो निश्चित ही लाखों का निर्माण कार्य पानी में बह जाएगा और प्रशासन अपनी ढिलाई के कारण सरपंच व सचिव से रकम की वसूली भी नहीं कर पाएगा। शासन का लाखों रुपए का खर्च पानी में इसी तरह बहता रहेगा। यही नहीं स्थल का मौका मुआयना कार्यपालन यंत्री से करवाए जाने की आवश्यकता भी बताई गई है।

### ऐसा भी हुआ मूल्यांकन

पत्थरों की क्वालिटी पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि कार्य का मूल्यांकन प्रभारी उपयंत्री व सत्यापन सहायक यंत्री द्वारा किया जाकर पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया था। इसका मतलब तो यह है कि जो निर्माण हुआ वह मानकों और प्रावधानों के अनुरूप हुआ, उसमें कोई कमीं नहीं थी। जाहिर सी बात है कि उपयंत्री व सहायक यंत्री ने जो रिपोर्ट जारी की वह सरपंच और सचिव के दबाव में आकर या उनसे दोस्ती निभाने के लिए की गई थी। चेकडेम की गुणवत्ता और उसके जीवनकाल से उनका कोई सरोकार नहीं रहा।

# राजस्व महाअभियान को गति देने कलेक्टर ने किया भ्रमण आपत्ति संबंधित आवेदन करने का कलेक्टर ने किया आग्रह

**उमरिया।** प्रदेश सरकार व्दारा किसानों के भूमि रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने तथा राजस्व संबंधित विवादों का निरकरण करने के उद्देश्य से राजस्व महाअभियान का संचालन पूरे प्रदेश की तरह उमरिया जिले में भी 18 जुलाई से किया जा रहा है, जो 45 दिनों तक चलेगा। इस दौरान राजस्व विभाग का मैदानी अमला गांव - गांव में बी वन का वाचन करेगा तथा किसानों से जमीन संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद, सीमांकन, फौती नामांतरण, नक्शा तरमीम,अवैध कब्जा, ई के वाय सी, पी एम किसान आदि जैसे सभी कार्यों के लिए आवेदन करें।



कलेक्टर धरणेन्द कुमार जैन ने राजस्व महाअभियान को गति प्रदान करने तथा मैदानी क्षेत्रों में अभियान के तहत चल रही गतिविधियों का जायजा लेने विभिन्न तहसीलों के ग्रामों में औचक भ्रमण कर जायजा लिया, किसानों से रुबरु चर्चा की तथा विभागीय अमले को आवश्यक निर्देश दिए। अभियान के दौरान आर सी एम एस पर प्रकरण दर्ज कराना और पूर्व आदेशों का खसरों और नक्शे में अमल, संभागायुक्त, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी द्वारा तहसील न्यायालयों का निरीक्षण, आर सी एम एस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, नक्शा तरमीम , समग्र ई केवायसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग, पीएम किसान सैचुरेशन, स्वामित्व, फार्मर रजिस्ट्री, प्रचार-प्रसार, पुरूस्कार की गतिविधियां संचालित की जाएगी। चंदिया तहसील न्यायालय के निरीक्षण के दौरान राम किशोर सिंह, वित्ती बाई काछी, ज्ञानेश्वरी श्रीवास्तव के प्रकरणो में पेशी नही लगी होने के कारण समय सीमा से बाहर होना पाया गया । इसी तरह मोहम्मद गौस उर्फ गोलू के प्रकरण में प्रकरण आर सी एम एस मे डिस्पोजल कर दिया गया है, किंतु कोई आदेश अपलोड नही किया गया है। तहसील चंदिया नायब तहसीलदार लोढा , कौडिया के राजस्व प्रकरण में रीता बाई, लाला प्रसाद यादव, के प्रकरण में आरसीएमएस मे कोई आदेश अपलोड होना नही पाया गया । भू स्वामी सावित्री साहू के प्रकरण में पेशी नही लगे होने के कारण प्रकरण समय सीमा के बाहर होना पाया गया । इसी तरह ग्राम पंचायत लोढा का निरीक्षण किया गया जहां पंचायत भवन में उपस्थित कृषको से समग्र ई केवाइसी के प्रगति के संबंध में पाया गया कि कुल 21 क्रृषको का समग्र ई केवायसी पूर्ण की गई है । ग्राम पंचायत भरौला के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि समग्र ई केवायसी का कार्य पोर्टल चालू नही कर पाने के कारण स्थयगित है । पोर्टल समक्ष में चालू कराकर ई केवायसी का कार्य प्रारंभ कराया गया । कलेक्टवर ने कहा कि बैगा हितग्राहियो के आयुष्माकन कार्ड प्राथमिकता के साथ बनाए जाए । निरीक्षण के दौरान तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल , नायब तहसीलदार श्री सिंह , भू अभिलेख शाखा से प्रषांत , सहित पटवारी, सचिव उपस्थित रहे ।

# कपड़े के थैले उपयोग करने दिलाई शपथ, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए किया जागरूक

**उमरिया।** सिंगल यूज़ प्लास्टिक क्लीनअप अभियान के तहत नगर पालिका परिषद पाली मुख्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह के निर्देशन व मार्गदर्शन पर युवा टीम उमरिया व नगर पालिका परिषद पाली के द्वारा वार्ड नंबर 12 में स्थित ब्लॉसमिंग.फ्लावर इंग्लिश मीडियम विद्यालय में स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन कर विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।



वार्ड नंबर 12 पार्षद अंजू पटेल ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि प्लास्टिक का इस्तेमाल बहुत अधिक होने की वजह से पर्यावरण पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। प्लास्टिक की वजह से कई नई-नई बीमारी हो रही है। प्लास्टिक को जलाने के कारण जहरीला गैस उत्पन्न होती है।

पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने अपने संबोधन में स्कूली बच्चों से कहा कि वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ फिटनेस और सामाजिक दायित्व संबंधी कार्यों को भी अपनाएं। पौधे लगाएं तथा उनकी देखभाल करें। सिगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने के साथ ही आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के प्रति भी जागरूक करें।पॉलिथीन की जगह जूट के थैलों का उपयोग करने की भी शपथ दिलवाई गई।स्कूल परिसर में साफ-सफाई, नए पौधे लगाने के साथ ही जूट के थैलों की उपयोगिता के बारे में बताया गया। साथ ही अभिभावकों को जागरूक करने के लिए भी कहा गया।प्लास्टिक के प्रभाव से होने वाली बीमारियों एवं पर्यावरण प्रदूषण के बारे में लोगों को जागरुक कर रिसाइकिलिंग के बारे में बताया गया। इस दौरान स्कूल प्रिंसिपल सुष्मिता रॉय, शिक्षक रामसरोवर सोनी, शशि कला वर्मा सुमित सिंह, पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, राहुल सिंह, अमित पटेल, मुकेश चौबे व सभी उपस्थित रहे।

# बांधवगढ़ के बांधववीर: ग्रामीण और प्रबंधन के बीच सेतु का करेंगे काम

**उमरिया।** बाघों के लिए विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने मानव और वन्य प्राणियों के द्वंद्व को रोकने के एक और पहल की है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने मानपुर बफर परिक्षेत्र से इसकी शुरुआत की है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने गांवों के युवाओं को बांधव वीर बनाया है। बांधव वीर प्रबंधन और ग्रामीणो के बीच सेतू का काम तो करेंगें ही साथ ग्रामीणों को भी वन्य प्राणी और वनों से जुड़ी जानकारी देकर जागरूक करेंगे। बांधव वीर प्रबंधन के साथ जंगल में गश्त भी करने के साथ गांव में वाट्स एप ग्रुप भी बनाए हुए हैं। जिससे कि जानकारी को जल्द ही ग्रामीणों तक पहुंचाया जा सके। बांधव वीर से जानकारी के लिए दैनिक भास्कर की टीम बुधवार को मानपुर के छपडौर के जंगल पहुंची।



बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर बफर परिक्षेत्र में लगातार वन्य प्राणियों की मूवमेंट रहती है। वन्य प्राणी ग्रामीणों पर हमला कर देते हैं। हमले से ग्रामीणो की मौत और ग्रामीण घायल हो जाते हैं। जिसके बाद ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच विवाद की स्थित बन जाती है। प्रबंधन की मानें तो जानकारी मिलने में समय लग जाता है। प्रबंधन ने बांधव वीर बनाने का मकसद है। कि समय पर वन्य प्राणियों की मूवमेंट ग्रामीणो को मिले। ग्रामीणों की समस्या की जानकारी प्रबंधन को मिले। प्रबंधन की सूचनाएं ग्रामीणों को मिल सके।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बांधव वीर बनाए गये। बांधव वीर प्रबंधन के साथ जंगल में गश्त करने के साथ वन्य प्राणियों के रेस्क्यू कार्य और जंगल में आग बुझाने के कार्य किया जाता है। लेकिन इस सब के साथ बांधव वीर वन्य प्राणियों की मूवमेंट जंगली हाथी,बाघ और भालू की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाते हैं। जिससे कि मानव और वन्य प्राणियों के द्वंद्व नही हो पाते हैं। बांधव वीर की नियुक्ति समितियां के माध्यम से होती है एक समिति से पांच युवाओं को बांधव वीर बनाया जाता है। बांधव वीर अपने गांव में सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप में ग्रामीणों को जोडक़र जंगली जानवरों की जानकारी ग्रामीण तक पहुंचाते हैं। ताकि ग्रामीण वन्य प्राणी मूवमेंट वाले क्षेत्रों में ना जाएं। बांधव वीर को प्रोत्साहन के लिए समितियां से भुगतान कराया जाता है। अभी बांधवगढ़ में 80 से अधिक बांधवगढ़ वीर है। परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश अहिरवार ने बताया कि बांधव वीर के बाद वन्य प्राणियों की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने में मदद मिली है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक पी के वर्मा ने बताया कि बांधव वीर योजना की शुरुआत मानपुर परिक्षेत्र से की गई है। इसमें युवाओं का चयन किया गया है। इनको प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। बांधव वीर को जोडऩे का उद्देश्य मानव और वन्य प्राणी द्वंद रोकना है। सही समय पर ग्रामीणों को वन्य प्राणियों की जानकारी मिल जाएगी। जिससे ग्रामीण उस क्षेत्र में नहीं जाएंगे।

# डीवीएम पब्लिक स्कूल द्वारा किया गया पौधरोपण

**अमलाई।** 20 जुलाई को डीवीएम पब्लिक स्कूल अमलाई में ग्रांड दिवस एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया। विद्यालय में एलकेजी से लेकर द्वितीय कक्षा तक के बच्चों द्वारा अनेक रूप से स्वयं के विभिन्न प्रकार के वृक्ष एवं फलदार वृक्षों के रूप में तैयार किया गया। तथा कक्षा तृतीय से कक्षा दसवीं तक के बच्चों द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसके तहत बच्चों 1 विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधों को रोपित किया गया जिसमें पौधों का पौधारोपण किया गया। प्रतियोगिता के अन्तर्गत विद्यालय के प्राचार्य डीके सिंह द्वारा बच्चों को पौधों का महत्व व पौधारोपण के महत्व को समझाया गया। बच्चों को यह भी बताया गया किया। हमारे जीवन में वृक्षों व पौधारोपण का कितना महत्व है। हमारे जीवन के लिये व पर्यावरण के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। विद्यालय में वृक्षारोपण/पौधारोपण के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षको द्वारा बच्चों का सहयोग किया गया। गतिविधि प्रभारी व रूपाली जैन के पूर्ण सहयोग करते हुये बच्चों को भविष्य में अन्य गतिविधियों के होने के लिये प्रेरित किया।




# नवांकुर संस्था ने रोपित किए पौधे

**उमरिया।** जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला के निर्देशन में ब्लाक समन्वयक पुष्पा तेकाम के आदेशानुसार नवांकुर संस्था - तरुण शिक्षा एवं समाज कल्याण सेवा समिति सेक्टर क्रमांक - 1 पाली प्राथमिक / माध्यमिक शाला स्कूल सूखा ,धौरई व आंगनवाड़ी केंद्र के प्रांगण मे फलदार आम, कटहल, जामुन, अवला ,नींबू , बीही , का पौधा रोपण किया गया पौधों की सुरक्षा की स्कूल के शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका ,बच्चे, सभी ने जिम्मेदारी ली पेड़ लगाने के स्कूल के बच्चों को फायदे भी बताया गया। कार्यशाला मे स्कूल के शिक्षक धीरेन्द्र दुबे, प्रियंका, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रंजना विश्वकर्मा स्कूल के बच्चे, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नेहरू महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव का दो दिवसीय आयोजन



**बुढार**। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नेहरू महाविद्यालय बुढार में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम दिनांक 21 एवं 22 जुलाई को गरिमामय आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राचीन गुरु शिष्यों की चलीं आ रही परंपरा के महत्त्व से वर्तमान के छात्र पीढ़ी को परिचित कराना है। इस कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अतिथि एवं सम्मानित गुरुजनों द्वारा विद्यार्थियों को योग एवं आध्यात्म, शिक्षा में नैतिकता, वर्तमान शिक्षा प्रणाली में नवाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान के माध्यम से अपने अनुभवों द्वारा लाभान्वित होंगे।

### श्रीराम जानकी मंदिर बुढार में गुरूपुर्णिमां महोत्सव आज श्रद्धा पूर्वक मनेगा



**बुढार**। श्रीराम जानकी मंदिर बुढार में गुरूपुर्णिमां के पुण्य अवसर पर श्रीराम जानकी मंदिर के पूज्य महंत श्रीराम बालकदास जी महाराज का शिष्यों द्वारा विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन किया जायेगा,वहीं श्रवणमास के अवसर पर शिव जी का रूद्राभिषेक 22 जुलाई से प्रारंभ होगा जो आगामीं 19 अगस्त तक अनवरत चलेगा। गुरू पुर्णिमां के पुण्य अवसर पर श्रीराम जानकी मंदिर के पूज्य महंत साकेतवासी श्रीनारायणदास शास्त्री जी के तैलचित्र पर शिष्यों द्वारा आज 21 जुलाई को मंदिर पहुंचकर उनके शिष्य पूजन-अर्चन करेंगे, और अपरान्ह गुरू प्रसाद ग्रहण करेंगे। श्रवणमास के पुण्य अवसर पर श्रीराम जानकी मंदिर के पूज्य महंत श्रीराम बालकदास जी महाराज ब्रम्हमुहूर्त में शिव जी का रूद्राभिषेक जल, गंगाजल, दूध, दही, घी, गन्ना रस, शहद, सरकरा (खाड), भंग से विद्वान आचार्यों के सानिध्य में 22 जुलाई से करेंगे और मंदिर में रूद्राभिषेक 19 अगस्त तक अनवरत होगा।

72 वर्ष पहले ऐसा संयोग बना था

# पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक श्रावणोत्सवः राधाकृष्णा मंदिर में 27 से दस दिवसीय आयोजन

धनपुरी। श्रीराधा कृष्ण मंदिर धनपुरी में 27 जुलाई से 6 अगस्त यानी 10 दिनो तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सवा लक्ष्य पार्थिव शिवलिंग का निर्माण, शिव महापुराण, रुद्राभिषेक सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन आचार्य परशुराम जी महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। शोभायात्रा - दिनांक 27.07.2024 समय 3 बजे से (श्रीराधा कृष्ण मंदिर से मेन चौराहा से ज्वाला मुखी मंदिर होते हुए पुनः श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंचेगी।

संकल्प सेवा समिति धनपुरी के द्वारा विनय सिन्हा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री पार्थिव शिलिंग निर्माण 27 जुलाई से - प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक। और शोभायात्रा दोपहर 3 बजे से श्रीराधा कृष्ण मंदिर से मेन चौराहा होते हुए ज्वालामुखी मंदिर होते हुए पुनः मन्दिर पहुंचेगो जहां शाम 4 बजे से शिव महापुराण कथा परम पूज्य आचार्य परशुराम जी महाराज के द्वारा किया जाएगा । कॉवड़ यात्रा - दिनांक 02.08.2024, शुक्रवार समय 11 बजे से (श्री ज्वाला मुखी मंदिर से श्री राधा कृष्ण मंदिर तक) भोले बाबा की बारात - दिनांक 03.08.2024, शनिवार समय 06 बजे मढिया मंदिर से प्रारंभ, विसर्जन - दिनांक 05.08.2024, सोमवार समय : सुबह 11 बजे श्री पार्थिव शिवलिंग विसर्जन शोभायात्रा खेरमाई तालाब में हवन एवं **भण्डारा** - दिनांक 06.08.2024, मंगलवार समय : दोपहर 12 बजे से सांय 05 बजे तक।पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए सुबह 9 बजे से 12 बजे तक का समय निश्चित किया गया है।इस कार्यक्रम मे कलश यात्रा एवं भोलेनाथ जी की शाही सवारी तथा कावड़ यात्रा का



कार्यक्रम भी संलग्न है। उन्होंने कहा कि धनपुरी नगर में इस तरह से यह कार्यक्रम दूसरी बार आयोजित हो रहा है समस्त भक्तजन उक्त कार्यक्रम में पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी सहभागिता प्रदान करने का कष्ट करें। श्री सिन्हा ने बताया कि ओम नमः शिवाय । सवा लाख का लक्ष्य श्री पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक तथा शिव पुराण प्रवचन का कार्यक्रम होगा।प्रतिदिन श्री पार्थिव शिवलिंग का निर्माण एवं रुद्राभिषेक तथा शाम 4 बजे से परम पूज्य श्री आचार्य परशुराम जी महाराज द्वारा अपनी अमृतवाणी से कथा का अमृत रसपान वर्णित उत्सव के अनुसार कराएंगे सभी दिव्य प्रसंगों के परम पावन अनुष्ठान में इष्ट मित्रों सहित कथा अमृत पान का रसपान कर पुण्य के सहभागी बने। संयोग ज्योतिषों कि मानो तो इस बार सावन पर 72 साल बाद दुर्लभ संयोग बना है. सावन का प्रारंभ और समापन दोनों ही सोमवार के दिन हो रहा है.सावन पर 72 साल बाद दुर्लभ संयोग सावन माह की शुरुआत और समापन दोनों ही इस बार सोमवार को होंगे. ऐसा दुर्लभ योग 72 वर्ष पहले 27 जुलाई 1953 को बना था, जब सावन महीने की शुरुआत और समापन सोमवार के साथ हुआ था।

रिलायंस प्रोजेक्ट पर लापरवाही का लगा आरोप

# प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया, ग्रामीण बैठेंगे धरने पर

शहडोल। रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट प्रबंधन पर जोर जुल्म का आरोप लगाते हुए हड़हा व सोनवर्षा सहित कई गांवों के ग्रामीणों ने कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंप कर क्षेत्रीय समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही रविवार से अनिश्चित कालीन धरने पर बैठने की चेतावनी भी दी। ग्रामीणों का आरोप था कि सीबीएम प्रोजेक्ट कई मामलों में नियमों व ग्रामीणों के हितों की अनदेखी कर रहा है। ग्रामीणो द्वारा लेख किए गए जरूरी विन्दु इस प्रकार बताए गए।



### इन बेलों को बंद किया जाए

वेल नं 6 प्रदीप सिंह की भूमि पर संचालित है, इसका अनुबंध समाप्त हो चुका है, अब प्रदीप सिंह इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं इसका कारण यह है कि इसका जहरीला पानी इधर उधर फैलकर भारी नुकसान पहुंचा रहा है। इसी तरह वेल क्रमाक 13 सरकारी भूमि पर है, इसे भी तत्काल हटाया जाए, यह जिस भूमि पर है वह ग्रामीणों की चरागन भूमि थी। उसे ग्रामीण मवेशियों के लिए उपयोग करते थे। इस वेल को बंद कराकर पूर्व की स्थिति बहाल कराई जाए।

### जमीनों की खरीद बंद हो

पूरे जिले में जमीनों की खरीद विक्री पर रोक लगी है। लेकिन यहां रिलायंस कंपनी द्वारा अपने गुर्गे सेट कर औने पौने दामों में किसानों की जमीन खरीद रही है। इस पर अंकुश लगाया जाए। वास्तव में पहले कंपनी के दलाल किसानों को मंहगी कीमत दिलाने का लालच दिलाते हैं फिर उसे रिलांयस के चंगुल में फंसा देते हैं। किसान सिर पीट कर रह जाता है। प्रशासन यहां की जमीनों की रजिस्ट्री पूरी तरह प्रतिबंधित कर दे। जमीनों की खरीद फरोख्त की जांच की जाए। आए दिन किसी न किसी किसान की जमीन की रजिस्ट्री कराई जाती है।

### पानी की समुचित व्यवस्था कराएं

यहकि 13नं. बेल के पास स्थित स्टाप डेम का कार्य ग्रामवासियों के जलपूर्ति के लिए व्यवस्थित रूप से पूर्ण कराया जाय ताकि सही जल भराव हो सके। रिलायंन्स कम्पनी द्वारा ग्राम हडहा में पानी की व्यवस्था के लिए एक टियूबबेल का खनन कराया जाय ताकि जल व्यवस्था हो सके। ग्राम हडहा निवासी समतिया गोंड से बेल नं. 3 के लिए लिये गये भूमि के आड़ में उसके संम्पूर्ण भूमि पर रिलायन्स ने अपना मालिकाना हक दर्ज करा लिया है। उसे सुधार कराया जाय। ताकि गरीब के घर तथा खेती की जमीन बच सके। यहकि ग्राम हडहा व सोनवर्षा मे सामुदायिक भवन समाजिक कार्यक्रमों के लिए रिलायन्स द्वारा बनवाया जाय। यहकि हडहा में मिनी आंगनबाडी भवन का निर्माण रिलायंन्स कम्पनी से करवाया जाय। ताकि अध्ययनरत बच्चे उसमे शिक्षा पा सकें।

### हैण्डपम्प उत्खनन कराएं

हडहा में रामदुलारे सिंह गोंड के घर के पास हैण्ड पम्प मरम्मत कराया जाय। हड्डा तिराहे पर राहगिरों व किसानो के पानी पीने के लिए एक हैण्ड पम्प का खनन कराया जाय।

ग्राम की बस्तियों में सौरउर्जा स्ट्रीटलाईट रिलायन्स कम्पनी द्वारा लगवायी जाय। जैसा कि लालपुर मेन रोड मे लगवाया गया है। 2 नं. बेल के पास एक पुलिया का निर्माण रिलायंन्स कम्पनी द्वारा कराया जाय ताकि पहाडी पार का पानी किसानों के खेत मे आ सके। हडहा एवं सोनवर्षा ग्राम में देवता स्थल का बाउन्डीबाल कराया जाय तथा एक-एक अतिरिक्त कमरा बनवाया जाय। ताकि ग्राम वासी उसका उपयोग उपभोग नवरात्रि में जवारा बोने के रूप में कर सके। वृक्षों की कटाई बंद कराई जाए।

### जहरीले पानी की व्यवस्था करें

रिलायंन्स सभी बेलों से निकलने वाले गंदे व जहरीले पानी को सभी बेल से टैंकर मे भरकर फाईव स्पाट पर बने पक्के तलाब पर स्टोर करते है, जो पानी पूरा खुला हुआ रहता है, उस स्टोरेज पानी को पक्षी पीकर मर जाते हैं। पक्षी आसपास से गायब होते जा रहे हैं। जहरीला पानी पक्के तालाब से निकल कर जब बहार जाता है तो खेतों में फैलता है। जिससे किसानों की फसल खराब होती है। उस फैले जहरीले पानी को जानवर पीते है, तो वह भी मर जाते है, जिसे रोंका जाय। जहरीले पानी की व्यवस्था की जाए। इसी तरह के कई अन्य विन्दुओं को भी संज्ञान में लाया गया है।

# वैश्य महासम्मेलन में मिलेगा प्रदेश अध्यक्ष का मार्गदर्शन

**शहडोल**। वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता का शहडोल संभाग मे तीन दिवसीय दौरा कार्यक्रम संगठन को मजबूती प्रदान करने की दृष्टि से तय हुआ है, 22, 23, 24 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष का मार्गदर्शन संभाग भर के वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा। प्रदेश अध्यक्ष सतना से चलकर 21 जुलाई रात्रि 10 बजे उमरिया पहुंच रात्रि विश्राम करेंगे, 22 जुलाई दिन सोमवार 10 से 11:30 बजे तक उमरिया कार्यकर्ताओं के साथ वैश्य बंधुओ के घर संपर्क 11:30 बजे से 1:00 तक संगठन की बैठक लेंगे, इसके उपरांत 01 बजे भोजन के बाद ब्यौहारी के लिए लिए रवाना 3:30 से 5:00 बजे तक ब्यौहारी में जिले की बैठक में शामिल 5:00 से 5:30 तक टी टाइम 5:30 बजे से 6:30 तक घरों में संपर्क 7:00 शहडोल के लिए रवाना 9:00 बजे शहडोल पहुंचकर रात्रि विश्राम 23 जुलाई सुबह 10 बजे से 11:30 तक घरों में संपर्क 11:30 से 01 तक जिले की बैठक में शामिल होंगे। 01 बजे भोजन तत्पश्चात 1:30 बजे डिंडोरी के लिए रवाना 3:30 बजे डिंडोरी पहुंच कर शाम 5:00 बजे तक कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। 5:00 से 5:30 तक टी टाइम 5:30 से शाम 7:00 बजे तक कार्यकर्ताओं के साथ वैश्य बंधुओ के घरों में संपर्क शाम 7:00 बजे डिंडोरी से शहडोल के लिए प्रस्थान रात्रि 9:00 बजे शहडोल पहुंचकर विश्राम 24 जुलाई शहडोल से अनूपपुर के लिए प्रस्थान सुबह 10:00 अनूपपुर आगमन 10:45 से 11:30 तक घरों में संपर्क 11:30 से 01 बजे तक कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे 01 से 1:30 तक भोजन लेंगे, इसके उपरांत 2:45 पर नर्मदा एक्सप्रेस से अनूपपुर से भोपाल के लिए प्रस्थान तीन दिवसीय दौरा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी पदम खेमका ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का दौरा निश्चित ही संभाग के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा और संगठन की आगामी गतिविधियां तय करेगा बढ़ते हुए लक्ष्य की ओर हम सभी को दिशा मिलेगी।



# मालगाड़ी की चपेट मे आने से रेलकर्मी की मौत



**शहडोल**। शहडोल रेल खंड के बीच घुनघुटी के पास एक गुड्स ट्रेन की चपेट मे आने से रेल कर्मी की मौत हो गई है। यह घटना शनिवार की है, रेल पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मोहर सिंह के रुप मे की गई है। मृतक बंधवाबाड़ा स्टेशन मे कीमैन के पद पर पदस्थ था। जानकारी के अनुसार शनिवार को मालगाड़ी शहडोल से कटनी की तरफ जा रही थी। इसी दौरान बंधवा-घुनघुटी के बीच पोल क्रमांक 922/27-29 के बीच गुड्स की चपेट मे आने से रेल कर्मी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद रेल विभाग ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

# लापरवाहीः उप स्वास्थ्य केंद्र पर लटक रहा ताला

**उमरिया**। गांव में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र तो खोले गए हैं, लेकिन इन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है, ऐसे में लोग को इलाज के लिए लोगों को निजी चिकित्सालय क्लीनिक या जिला चिकित्सालय में जाना पड़ रहा है, उप स्वास्थ्य केन्द्रो पर कहने को तो 24 घंटे एएनएम और इलाज की सुविधा मिलती है, लेकिन ताला नहीं खुलने से ग्रामीण को विकासखंड की उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है। पाली ब्लॉक में कुल 29 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें करीब 23 केंद्र पर को तैनात कर दिया गया है, वहीं शेष



केंद्रो पर नए भवन बनाए गए हैं, जहां सीएचओ की चॉइस फिलिंग चल रही है, वहीं जिन केंद्रो पर को तैनात है, इन केंद्रो पर अक्सर ताला लगा दिखाई देता है, पाली ब्लॉक के चांदपुर केंद्र में आए दिन ताला लटकता दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सीएचओ वा कर्मचारियों द्वारा अपडाउन करने से भी समस्या बनी रहती है, ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को इलाज करने के लिए या झोलाछाप डॉक्टरों की शरण लेनी पड़ रही है या फिर जिला मुख्यालय या अन्य शहरों में जाकर इलाज करना महंगा पड़ रहा है। चांदपुर के ग्रामीणों का कहना है कि उप स्वास्थ्य केंद्र पदस्थ एएनएम व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोगों को समय पर इलाज नहीं मिलता है, वहीं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण करने में समस्या आती है तो, वही छोटी-मोटी बीमारियों को ग्रामीणों को दवा तक उपलब्ध नहीं हो पाती है, ऐसे ही हालात चांदपुर उप स्वास्थ्य केंद्र की है, जहां आए दिन ताला लटकता ही रहता है।

# नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा किया गया नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**रीवा**। निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा वॉर्ड क्र. 44 पीएम आवास परिसर में नुकड्ड नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को बताया गया की हम सबको अपने घरों में 2 डस्टबीन का उपयोग करना चाहिये और सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग करके कचरा गाड़ी में ही देना चाहिये। नागरिकों को बताया गया कि घरों से निकलने वाले कचरे को जब कोई बाहर फेंक देता है तो उससे हमारा शहर गंदा तो होता ही है साथ ही हमारे स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है इसलिए हमे घरों से निकलने वाले कचरे को सूखा एवं गीला अलग-अलग करके कचरा गाड़ी में ही देना है। नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया कचरे को बाहर फेंकने से हमारे जल स्त्रोत, धरती और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है इसलिए हमे अपने शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए कि कचरा बाहर कोई न फेंके। नगर निगम की टीम द्वारा नागरिकों को बताया गया कि अपने सेप्टिक टैंक को हर 3 वर्ष में अवश्य खाली कराए इसके लिये टोल फ्री नंबर 14420/181 की भी जानकारी दी गई साथ ही नागरिकों को बताया कि नगर निगम द्वारा 24 घंटे 7 दिवस आपातकालीन नंबर 07662-254568 चालू किया गया है जिसमे आप फ़ोन करके कचरे से संबंधित समस्याओं का निराकरण प्राप्त कर सकते हैं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में आईईसी टीम, पर्यावरण की टीम, वॉर्ड दरोगा एवं वॉर्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।



# केन्द्रीय विद्यालय में वन महोत्सव का आयोजन






**धनपुरी**। केन्द्रीय विद्यालय धनपुरी में शुक्रवार 2024 को वन महोत्सव का आयोजन बड़ी धाम से किया गया । इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक परिवेश के प्रति जन जागृति लाना है । पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में पेड़ों और जंगलों के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए वन महोत्सव का आयोजन किया जाता है । वन चाइल्ड वन प्लांट कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों ने अपने हाथों से पौधा लगाकर पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लिया । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री योगेश कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि वन महोत्सव हमारी प्राकृतिक विरासत को पोषित करने और उसकी सुरक्षा करने का एक पवित्र संकल्प है । हम सभी को अपने परिवेश को अपने विद्यालय को हरित विद्यालय बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना अनिवार्य है । वन महोत्सव सामूहिक भावना को बढ़ावा देता है । वृक्षारोपण गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहना है । आजकल जलवायु परिवर्तन से अनेक प्रभाव देखने को मिल रहे हैं । वृक्षारोपण जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करता है । विद्यालय के प्राचार्य महोदय तथा सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रागंण में पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए दृढ प्रतिज्ञा ली।

# कला संस्कृति नाट्य कलाकार लकी को रोटरी क्लब ने किया सम्मानित




**शहडोल**। कला संस्कृति सम्मान, लोक विधा में सक्रिय कार्य एवं गायन के लिए, रोटरी क्लब शहडोल द्वारा आयोजित कार्यक्रम, जय विलास पैलेस एंड रिपोर्ट में, युवा लोक एवं नाट्य कलाकार लकी चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया।लकी चतुर्वेदी ने सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहां, की अपनी लोक संस्कृति और विरासत के प्रति हम सबको जानकारी होनी चाहिए, हम सबकी जिम्मेदारी बनती है, की उसे सुरक्षित और संरक्षित रखने में, अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें , लकी लगातार 12 वर्षों से शहडोल और मप्र एवं अन्य प्रदेशों में भी, अपनी लोक संस्कृति बघेल खंड का परिचय लोक गीत, लोक नृत्य, नाटक, नुक्कड़ , इत्यादि से कराते आएं हैं, वो अपनी संस्था सम्पूर्ण नाट्य एवं लोक कला समिति शहडोल के माध्यम से, इसे जन जन तक पहुंचाने की अथक कोशिश में प्रयासरत हैं।

# स्ट्रीट लाइट के पोल से करंट लगने से एक व्यक्ति की मृत्यु

**अमलाई**। नगर परिषद बकहो में हाल ही में लगे स्ट्रीट लाइट के पोल में करंट लगने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। बताया गया की शुक्रवार की देर रात बकही निवासी चंद्रबली केवट (42) ओपीएम में एक निजी संस्थान में कार्य करता था जो कार्य खत्म करके नेशनल हाइवे के किनारे बकहो शराब लेने के लिए गया हुआ था जो सड़क पार करते समय स्ट्रीट लाइट के पोल में फैले करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई मौके पर अमलाई थाना द्वारा मार्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया एक तरफ नेशनल हाइवे में स्ट्रीट लाइट के चालू होने से जहां लोगो मे खुशी थी तो वही दूसरी तरफ करंट फैलने से लोगो मे भय व्याप्त हो गया है।

### सामने आई बड़ी लापरवाही

बता दे कि नेशनल हाइवे और पूरे नगर में स्ट्रीट लाइट लगाने का ठेका सुंदर एजेंसी को दिया गया था हाल ही में नेशनल हाइवे में लगे स्ट्रीट लाइट को चालू किया गया था किंतु पोल में करंट फैल गया जिसकी जानकारी किसी को भी नही थी सड़क पार करते समय पोल को छूने से चंद्रबली की मृत्यु हो गई। पोल में करंट फैलना ठेका कंपनी की एक बड़ी लापरवाही उजागर हुई है हाल ही में लगाये गए नवीन स्ट्रीट में करंट फैलना चर्चा का विषय बना हुआ है। यदि जांच नही की गई तो नगर में लगे समस्त स्ट्रीट लाइटों में करंट से खतरा हो सकता है। जिसके कारण पशुओं को भी खतरा हो सकता है।

### ठेका कंपनी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी

इस संबंध में नगर परिषद बकहो अध्यक्ष मौसमी केवट ने बताया कि स्ट्रीट लाइट पोल में करंट फैलना बड़ी लापरवाही है जिससे किसी को भी खतरा हो सकता है इस लापरवाही पर ठेका कंपनी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**अनूपपुर**। मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 20 जुलाई 2024 को शाम 4:10 बजे ट्रेन द्वारा भोपाल से अनूपपुर हेतु प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि 2:25 बजे रेलवे स्टेशन अनूपपुर पहुंचेंगे। तत्पश्चात रात्रि 2:35 बजे अनूपपुर से बिजुरी हेतु प्रस्थान करेंगे एवं बिजुरी निज निवास पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। आज प्रातः 10:30 बजे बिजुरी से कोतमा के लिए प्रस्थान करेंगे एवं शासकीय महाविद्यालय कोतमा पहुंचकर गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे कोतमा से बिजुरी के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1:30 बजे बिजुरी निज निवास पहुंचकर जनता व जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। रात्रि विश्राम निज निवास बिजुरी में करेंगे।

### पौधारोपण करते फोटो वायु दूत एप में अपलोड करने के निर्देश

**अनूपपुर**। प्रधानमंत्री के आव्हान पर तथा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान संचालित किया जा रहा है पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाए जा रहे इस अभियान में जन सहभागिता सुनिश्चित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया है कि मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधारोपण करने वाले व्यक्ति को वायुदूत एप में पौधरोपण करते फोटो अपलोड करनी चाहिए उन्होंने बताया है कि गूगल प्ले-स्टोर्स से 'वायुदूत एप' डाउनलोड कर पंजीयन करना होगा। सुविधा के लिए मोबाइल एप्लीकेशन की डायरेक्ट लिंक न्यूज के सबसे नीचे उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले व्यक्ति को स्वयं के संसाधन से कम से कम एक पौधा लगाकर, पौधारोपण की फोटो मोबाइल एप पर अपलोड करनी है। पौधा लगाने के तीस दिन बाद फिर से पौधे की नई फोटो एप पर अपलोड करना होगा। इसके साथ ही आपको एक सहभागिता प्रमाण-पत्र मिल जाएगा जिसे आप इसी मोबाइल एप्लीकेशन से डाउनलोड कर सकते हैं। जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिले वासियों से अनुरोध किया है कि पौधा रोपते फोटोग्राफ आवश्यक रूप से वायु दूत एप में अपलोड करें जिससे जिले में बड़े पैमाने पर हो रहे पौधारोपण कार्य परिलक्षित हो सके।

### जिले में 1.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर**। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 1.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र वेंकटनगर में 1.2, अमरकंटक में 9 तथा बेनीबारी में 1.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, जैतहरी तथा पुष्पराजगढ़ में वर्षा निरंक दर्ज की गई।




## आवारा जानवरों को पकड़ने सिर्फ

# कागजी घोड़ा दौड़ा रहे हैं अधिकारी

**कलेक्टर ने आवारा जानवरों को पकड़ने 1 सितंबर को दिये थे आदेश**

**आदेश के 10 माह बाद भी नहीं दिखी आशाजनक कार्यवाही**

**जिला मुख्यालय का नगर पालिका अनूपपुर ही आदेश की उड़ा रहा धज्जियां**

**गाड़ियां हो रही कबाड़, अधिकारी कुंभकर्णी नींद में**

आवारा जानवरों की समस्या पूरे देश में नासूर बनती जा रही है। सरकार गौवंश के लिए अलग से बजट का एक हिस्सा खर्च करती है मगर यह खर्च ज्यादातर कागजो में दिख रहा है। मैदानी स्तर पर हाल जस का तस बना हुआ है। जिनके दम पर ये कार्य का जिम्मा सौपे हैं वहां यह कार्य खानापूर्ति होकर रह गया है।





अनूपपुर।

जिला मुख्यालय समेत पूरे जिले के नगर पालिका, नगर परिषद, ग्राम पंचायत में नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे एवं अन्य सड़क मार्गो में आवारा जानवरो की धमाचौकड़ी मची रहती है जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है लोग जिससे लोग घायल होते हैं और कई मौत के आगोश में समा जाते हैं। इस मामले मे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने सड़को से तुरंत जानवरों को हटाने का आदेश दिया है मगर अधिकारियों के कान में जूं तक नही रेंग रही है। सभी अधिकारी अभी तक कुंभकर्णी नींद में सो रहे है, अब इनकी नींद कब खुलेगी किसी को नही पता। आदेश के बाद आम लोगो को एक उम्मीद जगी थी वह उम्मीद भी धूमिल होती दिख रही है।

सभी नगर परिषद, नगर पालिका, ग्राम पंचायत को कलेक्टर अनूपपुर ने तत्काल आवारा जानवरो को सड़को से हटाने का आदेश का जिले में कोई असर नही हुआ। यहां तक कि जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका अनूपपुर ही कलेक्टर के आदेश की जमकर धज्जियां उड़ा रहा है। अधिकारी केवल कागजी खानापूर्ति पर विश्वास करते हैं तभी तो 1 सितंबर 2023 के आदेश के 10 माह से अधिक बीतने के बाद भी इस मामले मे बड़ा कदम नही उठाया जा सका है। मुख्यालय समेत पूरे जिले में वही पुरानी स्थिति बनी हुई है। ग्राम, नगर पंचायत के अधिकारी कलेक्टर के आदेश को धता बता रहे हैं।

### हरिभूमि की टीम ने लिया जायजा

दैनिक हरिभूमि की टीम ने जब जिला मुख्यालय में आवारा जानवरो की धमाचौकड़ी का जायजा लिया तो शेपर्स स्कूल, अमरकंटक तिराहा, शंकर मंदिर, इंदिरा तिराहा, तहसील कार्यालय, साई मंदिर, कोतवाली, बस स्टैंड, सामतपुर तिराहा, विद्युत सब स्टेशन, जिला पंचायत, कलेक्टर कार्यालय, एचपी गैस एजेंसी, बीएसएनएल आफिस, पुलिस कॉलोनी होते हुए पुरानी बस्ती तक देखा गया तो कही पर ऐसी स्थिति नही दिखी जहां आवारा जानवरो की भरमार न रही हो। इसके अलावा पूरे जिले में हरिभूमि के प्रतिनिधियों के सर्च मे भी वहां की स्थिति लगभग ऐसी ही मिली। अधिकारी केवल खानापूर्ति के नाम पर कभी कभार 2-4 जानवरो को पकड़कर फोटो खिंचवाकर अपना कोरम पूरा कर लेते हैं जबकि जिला मुख्यालय में आवारा जानवरो की गिनती हजारों से ऊपर है।

### कलेक्टर का यह था आदेश

1 सितंबर 2023 को कलेक्टर अनूपपुर द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों से एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारियों जनपद पंचायत को पंचायत से गुजरने वाले राजमार्गों से आवारा (निराश्रित) गौवंशों को नजदीकी गौशालाओं मे प्रतिस्थापित (भेजे जाने) के निर्देश जारी किये गये थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. ए.पी. पटेल ने बताया थी कि गौशालाओं में प्रतिस्थापित पशु 12 अंक के इनाफ टैग लगाकर पंजीकृत कर लिए जायेंगे। पशुपालक द्वारा पशु वापस मांगे जाने पर कलेक्टर द्वारा निर्धारित अर्थदंड (शुल्क) की वसूली किये जाने पर पशुपालक को पशु वापस किये जा सकेंगे।

### हादसे के शिकार हो रहे मवेशी

बीच सड़को पर दिन व रात्रि के समय बैठे हुए जानवरो के कारण प्रतिदिन दुर्घटना होती रहती है जिससें लोगो की जान माल के नुकसान के साथ मवेशियों की भी मौत हो जाती है। कुछ मवेशी जो बच जाते हैं वे हमेशा के लिए अपंग हो जाते है। रात के समय जब तेज रफ्तार से सामने के गाड़ियों की हेड लाइट की रोशनी आंखों पर पड़ती है तो कुछ देर के लिए वाहन चालक के आंखों में कुछ भी दिखना बन्द हो जाता है और सड़क पर बैठे हुए जानवरो से गाडी टकरा जाती है।

### कागजों पर बनी गौशाला

प्रदेश सरकार गौ वंश के लिए ग्राम पंचायतों में गौशाला का निर्माण करवाकर लाखो रुपये एक गौशाला के लिए खर्च कर रही है लेकिन उसके बाद भी गौशाला की हालत बद से बदतर है। गौशाला होने के बाद भी सड़को पर गौ वंश घूमते रहती हैं। जिनके जिम्मे गौशाला की देखरेख करवाया जा रहा है वे लोग केवल गौशाला के नाम पर खानापूर्ति कर अपनी जेब गरम करते हैं। गौशाला में जो गौवंश रहते है उनको ढंग से खाना पानी भी नसीब नही होता है। गौवंश एक बार बीमार पड़ जाए तो उनको देखने वाला कोई नही है। न डॉक्टर, न दवाई और बीमार मवेशी बिना इलाज व खाना पानी के दम तोड़ देते हैं।

### लाखों की गाड़ी हो रही कबाड़

ज्यादातर नगरपालिका में आवारा जानवर पकड़ने वाली गाड़ी लाखो खर्च करके खरीदी गई है, मगर उस गाड़ी का उपयोग बिलकुल नही हो रहा है जिससे लाखो का वाहन कबाड़ होते जा रहा है। अगर इस गाड़ी का उपयोग माह में 5 दिन भी कर लिया जाए तो शहर के अंदर से आवारा जानवर न के बराबर हो जायेंगे, लेकिन नगरपालिका की लापरवाही के कारण कुछ भी नही हो पा रहा है। अधिकारी कर्मचारी कुर्सी तोड़ते बैठे रहते हैं काम कोई भी नही करना चाहता, वही पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. ए.पी. पटेल के बताये अनुसार गौशालाओं में प्रतिस्थापित पशु 12 अंक के इनाफ टैग लगाकर पंजीकृत किये गये कि नही, इसकी भी कोई जानकारी नही है।

## गुरू पूर्णिमा पर्व पर दूर-दूर से पवित्र नगरी पहुंच रहे शिष्य

# सावन पर 72 साल बाद बन रहा दुर्लभ संयोग



अमरकंटक।

मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली/पवित्र नगरी अमरकंटक में संतो, आश्रमों, गुरु स्थलों पर गुरु पूर्णिमा की पावन अवसर पर गुरु पूजन हेतु देश के अनेक जगहों से अपने अपने गुरु पास आना प्रारंभ हो गया। संतो की कुटिया, आश्रमों और गुरु स्थानों पर इसकी रौनक देखी जा सकता है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहते है। यह दिन भगवान के अवतार तथा महाभारत के रचैता कृष्ण द्वैपायन व्यास का प्राकट्य दिवस है जिन्हे हम सभी वेद व्यास के नाम से जानते है। उन्ही के सम्मान में व्यास पूर्णिमा, गुरु पूजन के नाम से भी जानते है। इस दिन गुरु पूजन का विधान है। गुरु पूर्णिमा वर्षा ऋतु के आरंभ में आती है। इस दिन से चार महीने तक परिराजक साधु संत एक ही स्थान पर बैठकर ज्ञान की गंगा बहाते है, जिसे संत चातुर्मास भी कहते है। जैसे सूर्य की ताप से तृप्त भूमि को वर्षा से शीतलता तथा फसल पैदा करने की शक्ति मिलती है वैसे ही गुरु चरणों में उपस्थित साधकों को ज्ञान, शांति, भक्ति और योग शक्ति प्राप्त करने की शक्ति मिलती है। इसलिए गुरु से ज्ञान प्राप्त करना चाहते है तो अपने ज्ञान का अभिमान करते हुए उनके पास न जाये, उनकी परीक्षा के लिए उनसे प्रश्न पूंछकर अपनी छुद्रता, अपना छोटापन न दिखाए बल्कि अपनी जिज्ञासा और समस्या के समाधान हेतु सवाल करें। सच्चे प्रमाणित गुरु, गुरु परंपरा में आए हुए गुरु भगवान के करुणा रूप होते है वह हमे देख हमारी स्थिति, हमारा स्तर और हमारी वंशा देख समझ जाते है और हमारे समझ में आने वाली सरल भाषा व उदाहरण देकर हमे समझाते है। संत बताते है भागवत गीता में भगवान कहते है तुम गुरु के पास जाकर सत्य को जानने का प्रयास करो, विनीत होकर जिज्ञासा करो और उनकी सेवा करो। अगर गुरु सेवा चाहिए तो आपको शिष्य बनना होगा। शिष्य को अंग्रेजी में कहते है डिसाइपल यानी जो अपने आप को डिसिप्लिन, अनुशासित करने को तैयार हो वो ही शिष्य है। गुरु से विनीत होकर सुने व विनम्र भाव तथा सेवा और जिज्ञासा द्वारा गुरु से स्पष्ट ज्ञान प्राप्त करें। जब कोई इस तरह से अपने गुरु की कृपा व सामर्थ पर विश्वास करता है तो उनकी ये भावनाएं गुरु की चुंबक की तरह काम करती है। फिर गुरु की कृपा वर्षा थामने का नाम नही लेती है और आप पा जाते है जीवन का परम सौभाग्य, परम लक्ष्य, परम भक्ति। इसलिए कहते है भगवान की कृपा से गुरु मिलते है और जब गुरु कृपा हो जाय तो भगवान मिल जाते है। यही है गुरु की भक्ति और उनकी महिमा। अमरकंटक के मैकल और सतपुड़ा की चोटियों पर अनेक तपस्वी, साधु, संत, गुरुजन विराजमान है। कुटिया, आश्रम, स्थान बनाकर अपने भक्ति भाव में लीन है। इन्ही के द्वार पर गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शिष्यों, भक्तो की अपार गुरु पूजन करने शिष्य पधारेंगे और कई भक्तगण गुरुमंत्र भी लेते है। गुरु स्थानों पर भंडारे का आयोजन भी चलेगा।

### पंडित अखिलेश त्रिपाठी ने दी जानकारी

पंडित अखिलेश त्रिपाठी ने जानकारी देते हुये बताया कि पूर्णिमा इस साल 21 जुलाई रविवार यानि आज है। हिन्दू पंचांग के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के दिन गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। पूर्णिमा की तिथि 20 जुलाई को शाम 6 बजे से शुरू होकर 21 जुलाई 3 बजकर 47 मिनट तक है। जिस तिथि को सूर्योदय होता है, वह तिथि मान्य होती है, इसलिए 21 जुलाई को ही गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। गुरु पूर्णिमा व्रत भी 21 तारीख को ही रखा जाएगा। गुरु पूर्णिमा पर दान-पुण्य का बहुत महत्व होता है। आइए, जानते हैं गुरु पूर्णिमा क्यों मनाते हैं और गुरु पूर्णिमा की कथा। सावन माह की शुरूआत और समापन दोनों ही इस बार सोमवार को होंगे। ऐसा दुर्लभ योग 72 वर्ष पहले 27 जुलाई 1953 को बना था, जब सावन महीने की शुरूआत और समापन सोमवार के साथ हुआ था।

## सरकार के वादाखिलाफी के कारण आज सामूहिक अवकाश पर रहेंगे स्वास्थ्य कर्मचारी

**अनूपपुर**। मध्य प्रदेश केबिनेट व राज्य सरकार द्वारा संविदा नीति 2023 मध्य प्रदेश केबीनेट से स्वीकृत कर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 22 जुलाई 2023 को संविदा नीति जारी कर समस्त विभागों को तत्काल लागू करने के दिशा निर्देश दिए गए थे, परंतु एक वर्ष पूरा होने के उपरांत भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश द्वारा अब तक मानव संसाधन नीति जारी कर संविदा नीति 2023 के समस्त प्रावधान लागू नहीं किए गए है। जिसे लेकर 22 जुलाई को एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण जिले में 427 एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मी सामूहिक अवकाश लेकर सेवा के दौरान मृत हुए साथियो के परिवार को न्याय दिलाने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करेंगे वहीं कुछ संविदाकर्मी 22 जुलाई को भोपाल के कार्यक्रम में शामिल होगे। सामूहिक अवकाश हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन को संघ ने ज्ञापन शनिवार को सौंप दिया है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा संविदा नीति जारी कर एनपीएस, 5 लाख रूपए का आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा संविदाकर्मियों और परिवार को उपलब्ध कराना, ग्रेज्युटी, अनुकम्पा नियुक्ति, प्रतिवर्ष सीपीआर दर के अनुरूप इंक्रीमेंट, शासकीय कर्मचारियों के समान समस्त अवकाश, शासकीय भर्तियों में संविदा कर्मियों को 50 प्रतिशत का आरक्षण का लाभ, सहित कई ऐसी सुविधाएं है, जो मानव संसाधन नीति के द्वारा स्पष्ट तौर पर लागू होगी। जिसे जारी करने में एनएचएम ने कोई संज्ञान अब तक नहीं लिया है। एक ओर एन.एच.एम. संविदा कर्मियों के लिए नीति लागू करने के आदेश जारी नहीं हो रहे है, लेकिन स्वास्थ्य संचालनालय भोपाल द्वारा स्वास्थ्य विभाग के नियमित पदों के विरूद्ध सेवाएं दे रहे संविदा कर्मियों के आदेश पिछले वर्ष ही जारी कर दिए गए है। ग्रेड-पे सुधार को लेकर 36 से अधिक केडर अपनी अपील प्रस्तुत कर चुके है, लेकिन एक साल हो गया अपील का निराकरण नहीं किया गया है। प्रदेश के 32 हजार एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे है। 22 जुलाई को एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहकर संविदा नीति 2023 के बिंदुवार समस्त प्रावधान लागू कराने को लेकर भोपाल कूच कर राज्य स्तरीय कार्यक्रम करेंगे। संविदा जल्द ही अनिश्चित कालीन नीति 2023 लागू करने के आदेश जारी नहीं किया जाता तो अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं काम बंद, कलम बंद का सामूहिक निर्णय लिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अशोक कुमार अवधिया ने बताया कि एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी के सामूहिक अवकाश में जाने से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, कुछ व्यवस्थायें जरूर प्रभावित हो सकती हैं।





# नासूर बना तहसील कार्यालय के सामने का बड़ा गड्ढा

**अनूपपुर**। जिला मुख्यालय स्थित पुराने कलेक्ट्रेट यानि तहसील कार्यालय के ठीक सामने अनूपपुर-जैतहरी मुख्य मार्ग के किनारे बनी नाली का स्लैब टूट जाने के कारण बना बड़ा गड्ढा हादसों को निमंत्रण दे रहा है मगर गड्ढे को ढकने वाला कोई नही है। जबकि इस रास्ते से कलेक्टर, एसपी, एसडीएम, तहसीलदार समेत जिले सभी जिम्मेदार अधिकारी गुजरते व तहसील कार्यालय आना जाना करते हैं मगर किसी की भी नजर आज तक इस ओर नही गई जबकि ऐसा भी नही कि यह गड्ढा किनारे अथवा छिपा हो परंतु इसके बाद भी जिम्मेदारों का गैर जिम्मेदाराना रवैया समझ से परे है। बडे गड्ढे के कारण जहां कई बार हादसे हो चुके हैं वही कुछ वाहन चालकों को बड़ा नुकसान भी उठाना पड़ा है। यह अलग बात है कि अधिकारी की गाड़ी गड्ढे के किनारे से निकल जाती है जिससे उनके वाहन दुर्घटनाग्रस्त नही होते परंतु आम जनमानस जरूर परेशान है। जब जिला मुख्यालय की समस्या का जिले के प्रशासनिक अधिकारी समाधान नही कर पा रहे हैं तो पूरे जिले का क्या समाधान हो पायेगा, समझ से परे है। रहवासियों ने परेशानी का सबब बने उक्त गड्ढे को तत्काल व्यवस्थित करवाये जाने तथा जिम्मेदार विभाग व ठेकेदार पर कार्यवाही की मांग की है।

# सड़क तोड़कर बाउंड्रीवॉल का हो रहा अवैध निर्माण

**जांच में पाया गया अवैध, नहीं हुई कार्यवाही**

अनूपपुर।

जिला मुख्यालय वार्ड़ नं. 9 एसएन शर्मा पिता स्व. कौशल शर्मा द्वारा मकान बनाकर निवास कर रहे हैं। उनके घर के सामने नगर पालिका के द्वारा सीसी सड़क का निर्माण कराया गया है सड़क तोड़कर बिना नगर पालिका के अनुमति के बिना बाउंड्री बाल का निर्माण कराया जा रहा है सड़क तोड़ने से नगरपालिका को आर्थिक क्षति पहुँची है। जब वहां के रहवासियों ने इसका विरोध किया तब उन रहवासियों को मकान मालिक धमकी देने पर उतारू हो गया, जिस पर रहवासियों ने शिकायत नगरपालिका अनूपपुर में की। उसके बाद नपा के सहायक राजस्व निरीक्षक गजाला परवीन अपनी टीम के साथ मौका निरीक्षण किया जिसमें पाया गया कि एसएन शर्मा गलत तरीके से बाउंड्री बाल का निर्माण कर रहे हैं। जबकि जहाँ दीवाल का निर्माण कराया जा रहा है उसके नीचे पानी की पाइप लाइन बिछी हुई है जब पाइप लाइन में खराबी आएगी तो उसे कैसे ठीक किया जाएगा। नगर पालिका ने जो 10 फिट के सड़क का निर्माण किया गया है इसके दोनों तरफ नालियां बनाई जाएगी, मगर एसएन शर्मा अपनी धौंस दिखाकर सड़क के बगल से दीवाल का निर्माण करवा रहे हैं। नाली के लिए बिलकुल जगह नही छोड़ी जा रही है। 12 जुलाई को नपा की टीम ने निरीक्षण किया तो हो रहे निर्माण को अवैध पाया, मौका पंचनामा बनाकर वहाँ के रहवासियों के बयान दर्ज किए गए थे लेकिन 8 दिन बीतने के बाद एसएन शर्मा की धौस के आगे नगर पालिका के सीएमओ, अधिकारी, कर्मचारी नतमस्तक दिख रहे हैं। इस मामले की जानकारी वार्ड नं. 10 के पार्षद को भी है मगर सभी इस अवैध निर्माण को रोकने में असफल साबित हो रहा है। यही हाल रहा तो भविष्य में सड़क के ऊपर नालियां बनानी पड़ेगी। ऐसे निर्माणकर्ता के ऊपर मामला दर्ज कराकर जो सड़क को तोड़ा गया है क्षति राशि को वसूल किया जाना चाहिए। वार्ड़ नं. 9 में इसके पहले जो भी सड़क से सटाकर मकान बना लिए है नाली के लिए जगह नही छोड़े हैं ऐसे लोगो के मकान चिन्हित करके उन पर भी नगरपालिका कार्यवाही करे नही तो शहर के मास्टर प्लान की धज्जियां उडाने कोई भी परहेज नही करेगा। इस मामले की जानकारी के लिए नगरपालिका अनूपपुर की सीएमओ शिवानी सिंह को मोबाइल नंबर में कॉल किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नही किया।



### इनका कहना है

इसकी जानकारी कोतवाली में दे दी गई है। 23 जुलाई को अवैध अतिक्रमण तोड़ने के लिए सीएमओ अनूपपुर ने आदेश कर दिया है।

**गजाला परवीन**
**सहायक राजस्व निरीक्षक**
**नगर पालिका अनूपपुर**